Marut Narayan Sewa Sansthan
Non Government Organazation
Rampole Choraya Station Road
Nagaur 341001 (Rajasthan)

वार्षिक प्रगति
प्रतिवेदन 2022–2023

# Progress Report 2022-23

# MARUT NARAYAN SEVA SANSTHAN NAGAUR

## NON GOVERNMENT ORGANIZATION (Nagaur)











MARUT NARAYAN SEWA SANSTHAN NAGAUR
Rampole Choraya Station Road Nagaur 341001
Phone No. 01582-240408
E-Mail- marutnarayan7181@gmail.com

# वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन 2022–23

# मारूत नारायण सेवा संस्थान,नागौर

## रामपोल चौराहा स्टेशन रोड़ नागौर राजस्थान 341001

1. संस्था का परिचय
2. कार्यक्षेत्र का परिचय
3. कार्यक्रम विवरण

- डोना–पातल निर्माण प्रशिक्षण
- वुडनटॉय निर्माण प्रशिक्षण
- लेदर फुटवीयर निर्माण प्रशिक्षण
- "अन्नदाता देवो भव" उद्यमिता जागरूकता शिविर
- कटपुतली निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

# संस्था परिचय

## संस्था की स्थापना :–

संस्था की स्थापना बच्चों एवं महिलाओं के कल्याणार्थ हेतु व अनुसूचित जाति/जनजाति, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र, शिक्षा एवं पर्यावरण क्षेत्र में की गई।

## संस्था का रजिस्ट्रेशनः–

संस्था का रजिस्ट्रेशन भारत सरकार की **UNIQUE ID: RJ/2016/0109033** दिनांक **16-11-2016** है रजिस्ट्रेशन स्थाई तथा कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत है व राजस्थान रजिस्ट्रीकरण अधिनियम **1960** के अन्तर्गत नागौर से करवाया गया रजि. नं. **190 दिनांक 24-01-2009** है रजिस्ट्रेशन स्थाई तथा कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान है **ISO: 9001:2015** द्वारा प्रमाणित है साथ ही संस्था के लिए **GST No. 08AACAM2564N1Z8** भी जारी किये हुए है व संस्था ने स्थाई कर्मचारियों के लिए **PF** व **Esi No. RJJOD1819408000** भी जारी हो गये है।

**मारूत नारायण सेवा संस्थान** महिलाओं में जागरूकता व समाज के शोषित व गरीब वर्गो के लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संस्था कार्य के लिये तत्पर रहती है ,संस्था महिलाओं के आर्थिक उत्थान हेतु स्वरोजगार, कार्यक्रम, वृद्धों, अपंगों, असहायों, विधवाओं, गरीबों एंव आदिवासीयों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगो में विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक व समाज मे, बाल श्रम रोकथाम व गरीब वर्ग एंव सामाजिक कार्यक्रमों द्वारा समाज में फैली कुरीतियों एंव हिन्दी शिक्षा का प्रचार–प्रसार के लिये तत्पर है एवं विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी योजनाओं का आई.ई.सी. गतिविधियों के द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य कर रही है।

## डोना-पातल निर्माण प्रशिक्षणः-

**मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर,** आभार व्यक्त करता है खादी ग्रमोद्योग आयोग भारत सरकार (KVIC) का जिसने खादी ग्रमोद्योग आयोग की ग्रमोद्योग विकास योजना के तहत स्वंय सहायता समुह बनाकर पेपर प्लेट व डोना पातल निर्माण प्रशिक्षण का कार्य करने का अवसर प्रदान किया खादी ग्रमोद्योग आयोग के आदेशानुसार कुमारअप्पा राष्ट्रीय हस्तनिर्मित पेपर संस्थान (KNHPI) के माध्यम से ग्रमोद्योग विकास योजना में 5 स्वयं सहायता समुह बनाकर पेपर प्लेट व डोना पातल निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाने के लिए संस्था को कार्यालय द्वारा आदेश दिया गया जिसको संस्था ने समय पर व सफलतापुर्वक समाप्त करवाया।

संस्था ने 5 स्वंय सहायता समुह बनाए जिसमे बेरोजगार व गरीब वर्गो की महिलाओं, युवतियों व यवको को पेपर प्लेट-डोना पातल निर्माण प्रशिक्षण के बारे मे बताया गया कि कैसे बेरोजगार व गरीब लोग कम लागत मे अच्छी आमदनी करके अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकते है संस्था ने प्रशिक्षण मे भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को पेपर से बनने वाली निम्न उत्पाद के बारे मे बताया जैसेः- छोटी/बडी कटोरी, छोटी/बडी प्लेट इत्यादी का निर्मित किये।

संस्था ने 5 स्वयं सहायता समुह बनाए जिनमे 10–10 व्यक्यिों का बैंच बनाकर डोना-पातल निर्माण प्रशिक्षण करवाया गया।

1. शहीद भगतसिहं स्वयं सहायता समुह ग्रम धनकोली नागौर
2. बाबा रामदेव स्वयं सहायता समुह ग्रम सुवादिया नागौर
3. पंवार स्वयं सहायता समुह ग्रम सुवादिया नागौर
4. कलाम स्वयं सहायता समुह ग्रम धनकोली नागौर
5. प्रिया स्वयं सहायता समुह ग्रम धनकोली नागौर

संस्था ने अपना सम्पुर्ण योगदान देते हुए डोना–पातल प्रशिक्षण को सफल बनाया संस्था का उद्वेश्य है बेरोजगार व गरीब वर्गो की महिलाओं, युवतियों व युवको का स्वयं पर निर्भर रहकर एक समुह बनाकर अपनी और समुह के सभी लोगों की सहायता करते हुए स्वावलंबी बनने और अपने परिवार आर्थिक स्थिति में सुधार करते हुए परिवार की आय बढाकर खुशहाल जीवन का रास्ता चुन सके।

## लेदर फुटवीयर निर्माण प्रशिक्षणः–

**मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर,** आभार व्यक्त करता है खादी ग्रमोद्योग आयोग भारत सरकार (KVIC) का जिसने खादी ग्रमोद्योग आयोग की ग्रमोद्योग विकास योजना के अन्तर्गत पायलेट प्रोजेक्ट फुटवीयर मेन्यूफेक्चरिगं में एक स्वंय सहायता समुह बनाकर लेदर फुटवीयर मेन्युफेक्चरिगं निर्माण प्रशिक्षण का कार्य करने का अवसर प्रदान किया खादी ग्रमोद्योग आयोग के पंत्राक डीओ/बीके/पीसीबीआई/पायलेट प्रोजेक्ट/लेदर/2021–22 दिनांक 21.03.2022 मे संस्थान को एक स्वयं सहायता समुह बनाकर जिसमें 10 सदस्य हो और दो माह का लेदर फुटवीयर निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाने के लिए संस्था को कार्यालय द्वारा आदेश दिया गया जिसको संस्था ने सफलतापुर्वक करवाया।

संस्था ने 1 स्वंय सहायता समुह बनाया जिसमे बेरोजगार व गरीब वर्गो के 10 युवको को लेदर फुटवीयर निर्माण प्रशिक्षण के बारे मे बताया गया कि कैसे बेरोजगार व गरीब लोग कम लागत मे अच्छी आमदनी करके अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकते है संस्था ने प्रशिक्षण मे भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को 2 माह का लेदर फुटवीयर मेन्युफेक्चरिगं प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें पशिक्षणार्थियों को लेदर से बनने वाले निम्न फुटवीयर के बारे मे बताया जैसेः–

इत्यादी का निर्मित किये।

संस्था ने 1 स्वयं सहायता समुह बनाया जिनमे 10 व्यक्यिों का बैंच बनाकर लेदर फुटवीयर मेन्युफेक्चरिगं निर्माण प्रशिक्षण करवाया गया।

1. श्री साई स्वयं स्वयं सहायता समुह नागौर।

संस्था ने अपना सम्पुर्ण योगदान देते हुए लेदर फुटवीयर मेन्युफेक्चरिगं प्रशिक्षण को सफल बनाया संस्था का उद्वेश्य है बेरोजगार व गरीब वर्गो के युवको व पुरूषों का स्वयं पर निर्भर रहकर एक समुह बनाकर अपनी और समुह के सभी लोगों की सहायता करते हुए स्वावलंबी बनने और अपने परिवार आर्थिक स्थिति में सुधार करते हुए परिवार की आय बढाकर खुशहाल जीवन का रास्ता चुन सके।

## अन्नदाता देवो भव उद्यमिता जागरूकता शिविरः

अन्नदाता देवो भव के तहत उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन खादी ग्रमोद्योग आयोग (सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम "अन्नदाता देवो भवः" उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम स्थलः मोडाराम जी की डेयरी, कुकणों की ढाणी, रेलव फाटक के पास ग्रम अलाय तहसील व जिला नागौर जिसका आयोजन मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर, रामपोल चौराहा स्टेशन रोड नागौर द्वारा किया गया था।





जागरूकता कार्यक्रम स्थल मे शामिल ग्रमीण बार्तालाप करते हुए

संस्था निर्देशक श्रीमान सुरेन्द्र पाल कडेला ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमान मोहन राम चौधरी विधायक नागौर व विशिष्ट अतिथि श्रीमान दीपक त्रिपाठी एमडी खादी ग्रमोद्योग आयोग बीकानेर थे इसके अलावा श्रीमान भैराराम जी धुधंवाल पुर्व प्रधान व जाट महासभा जिला अध्यक्ष नागौर, श्रीमान भैराराम जी धुधंवाल भाजपा किसान मार्चा जिला अध्यक्ष नागौर, श्रीमान भंवराराम जी गोदारा सरपंच धुधंवालों की ढाणी, श्रीमान बादरराम जी धुधंवाल उपसरपंच धुधंवालों की ढाणी, श्रीमान भंवराराम जी गोदारा सरपंच ऊटवालिया, श्रीमान रामुरामजी सारण सरपंच बाराणी, श्रीमान सुरजाराम जी भादु पंचायत समिति सदस्य नागौर, श्रीमान नैनाराम जी कुकण वार्ड पंच अलाय व श्रीमान मोडाराम जी भादु कृष्णा डेयरी अलाय नागौर।




मुख्य अतिथि विधायक साहब व विशिष्ट अधिकारी एमडी साहब को तिलक लगाकर सम्मानित करते हुए

सर्वप्रथम सभी अतिथियों का निर्देशक श्रीमान सुरेन्द्र पाल (मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर) व इनके सहकार्मिको द्वारा तिलक लगाकर साफा व माला पहनाकर अतिथिगण को सम्मानित किया गया।







इसके पश्चात् श्रीमान दीपक त्रिपाठी एमडी खादी ग्रमोद्योग आयोग बीकानेर ने सभी को सम्बोधित करते हुए किसानों का खादी ग्रमोद्योग आयोग भारत सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कुशल अर्टिजनों को उनकी निपुण विधाओं में अनुदान के साथ ऋण उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी जिससे बेरोजगार आर्टिजन अपने स्तर पर अच्छे काम शुरू कर अच्छी कमाई कर सकते है।




इसके बाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे आए हुए श्रीमान मोहनराम चौधरी विधायक नागौर ने सभी ग्रमिणों व अतिथियों का सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ग्रमीण क्षेत्रों मे विभिन्न प्रकार के आयाम स्थापित कर रही है जिसमें आम जन को समाज की मुख्य धारा से जोडना लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत गरीब किसानों व बेरोजगार आर्टीजनों व गरीबी से परेशान ग्रमीणों को अनेक योजनाओं लागु कि गई जिससे ग्रमीणों को आय के नये स्त्रोत प्राप्त होगें विधायक साहब ने सभी को योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेकर सभी को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने को कहा और जरूरतमदों तक इसकी जानकारी पहुँचनी चाहिए क्योंकि ज्ञान के अभाव में हम सब पीछे रह जाते है और हम लोग इन योजनाओं का पुरा लाभ नही ले पाते है और बेरोजगारी, गरीबी को बढावा मिलता है।



इसके अलावा जो अन्य अतिथिगण इस कार्यक्रम मे शामिल थे उन्होनों भी अपने विचार रखते हुए सभी ग्रमीणों व जरूरतमदों को इन योजनाओं का लाभ लेने ओर इनको बढावा देने को अग्रसर किया।

कार्यक्रम मे भारी संख्या में किसान, युवा, महिलाएं व ग्रमीण जन मौजुद रहे और सभी ने अतिथिगण द्वारा बताई गई योजनाओ का समझने व इनसे लाभ लेने की बात की जो कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य था।



कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर द्वारा इस कार्यक्रम मे शामिल सभी अतिथिगण, ग्रमीणों, युवाओं, महिलाओं व बच्चों के लिए चाय खाना व पानी की व्यवस्था की गई।



## कटपुतली निर्माण प्रशिक्षणः–

**मारूत नारायण सेवा संस्थान नागौर,** के माध्यम से ग्रम जीलीया तहसील कुचामन जिला नागौर में ST वर्ग के आर्टीजनों को कठपुतली निर्माण प्रशिक्षण करवानें का अवसर प्राप्त हुआ इस प्रशिक्षण का नाम गुरू शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण प्रोग्रम रखा गया।







गुरू शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण प्रोग्रम का आयोजना ग्रम जीलीया तहसील कुचामन नागौर में किया गया।

संस्था के माध्यम से ग्रम जीलीया तहसील कुचामन नागौर में निवास कर रहे ST वर्ग के ग्रमीणों को इकट्ठा कर 30 आर्टीजनों को कठपुतली कैसे बनाई जाती है और इस बहुत पुरानी और अद्भुत कला से किस प्रकार अपनी और अपने वर्ग के लोगों की आर्थीक स्थिती को अच्छा बना सकते है इसके बारे में जानकारी दी गई।






इस प्रोग्रम मे आए मुख्य अतिथियों ने कठपुतली निर्माण कला के बारे में बताते हुए ST वर्ग के ग्रमीणो को अच्छा रोजगार और अच्छी आमदनी कैसे होगी इसके बारे में जानकारी दी और इस कला मे अधिक से अधिक ST वर्ग व अन्य बेरोजगार आर्टीजनों ग्रमीणों का जोडने को कहा गया।

संस्था के मार्फत ST वर्ग के बेरोजगार व गरीब आर्टीजनो को गुरू शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण प्रोग्रम कठपुतली निर्माण प्रशिक्षण के बारे मे बताया गया कि कैसे ST वर्ग के बेरोजगार व गरीब लोग कम लागत मे अच्छी आमदनी करके अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सकते है










प्रशिक्षण सफलतापुर्वक करवाया।






संस्था के माध्यम से अन्य ग्रमा के ग्रमीणों व आस पास के क्षेत्रों मे निवास कर रहे ST वर्ग के लोगों तक इसकी जानकारी पहुँचाने का स्मरण करवाया।

समाप्त..........................